**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.03.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित रहें।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- इसरो ने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में एल वी एम–थ्री प्रक्षेपण यान के छठे मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी की।
- अंतर्देशीय पोत नियम के तहत सभी अंतर्देशीय पोत मालिकों और चालक दल को केंद्रीय डेटाबेस एप्लीकेशन पोर्टल पर खुद को पंजीकृत कराना अनिवार्य।

**<><><><><><><>**

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस दो हजार पच्चीस का विषय है–सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उपभोक्ता भ्रामक दावों के विरूद्ध पूरी तरह जागरूक और सुरक्षित हों। श्री जोशी ने कहा कि सरकार न केवल उपभोक्ताओं के संरक्षण, बल्कि उपभोक्ताओं की समृद्धि पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**<><><><><><><>**

भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड दो हजार पच्चीस के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक को प्रवाह और सारथी नाम की डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। इन्हें बैंक की इन–हाउस टीम द्वारा विकसित किया गया था। पुरस्कार समिति ने कहा है कि इन डिजिटल पहलों ने कागज़ के इस्तेमाल को कम किया है।

**<><><><><><><>**

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा हाल ही में डेयरी किसानों के लाभ के लिए क्षेत्र में उन्नत चारा खेती को बढ़ावा देने पर डॉलीगंज स्थित पशुधन फार्म परिसर में चारा संरक्षण विधि– साइलेज बनाने पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण क्यारी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश बाला द्वारा पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग के प्रशिक्षकों और किसानों को दिया गया। प्रशिक्षण में एनसिलिंग विधि का प्रदर्शन किया गया। इससे पहले, उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए, एस.वी.ओ. डॉ. सुभाष बाबूराव पालवे ने पशुधन के कल्याण के लिए अच्छे पशुपालन के तरीकों पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता रॉय ने किसानों से साइलेज बनाने की पद्धति अपनाने का आग्रह किया। पौष्टिक चारा उत्पादन के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ विभाग चारे के संरक्षण पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। मौसमी चारे की कमी के दौरान पशुओं के लिए पौष्टिक भोजन की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चारे का संरक्षण महत्वपूर्ण है।

**<><><><><><><>**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने एल वी एम–थ्री प्रक्षेपण यान एलवीएम–एम सिक्स के छठे मिशन पर जाने वाले क्रायोजेनिक इंजन की फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किया गया था। प्रक्षेपण वाहन मार्क–तीन के रूप में भी जाना जाने वाला एल वी एम–थ्री इसरो द्वारा विकसित तीन–चरण वाला मध्यम–लिफ्ट प्रक्षेपण वाहन है। इसरो ने एक बयान में कहा कि प्रत्येक मिशन का क्रायोजेनिक इंजन उड़ान के लिए अपनी स्वीकृति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हॉट टेस्टिंग से गुजरता है। इसरो के अनुसार अभिनव परीक्षण पद्धति क्रायोजेनिक इंजन की उड़ान स्वीकृति, परीक्षण के लिए आवश्यक सेटअप समय और प्रयास को काफी कम कर देती है।

उधर, स्पेसएक्स और नासा ने अमरीकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस लाने के लिए एक मिशन शुरू किया है। सुनीता और बुच नौ महीने से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हैं। क्रू–10 मिशन पर ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के साथ फाल्कन–नाइन रॉकेट का कल रात प्रक्षेपण हुआ। मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चार क्रू सदस्यों को भी भेजा गया है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले वर्ष जून में अंतरिक्ष स्टेशन में गये थे। दोनों को करीब एक सप्ताह तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।

<><><><><><><>

अंतर्देशीय पोत नियम, दो हजार बाईस की अधिसूचना के साथ, सभी अंतर्देशीय पोत मालिकों और उसके चालक दल के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा विकसित केंद्रीय डेटाबेस एप्लीकेशन पोर्टल पर खुद को पंजीकृत कराना अनिवार्य किया गया है। इस सिलसिले में जहाजरानी सचिव की उपस्थिति में एक वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें आई डब्ल्यू ए आई के वरिष्ठ सलाहकार कमांडर संजय वर्मा और उनकी टीम ने केंद्रीय डेटाबेस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग की बारीकियों को समझाया। कार्यक्रम में बंदरगाह प्रबंधन बोर्ड, शिपिंग सेवा निदेशालय के अधिकारियों के साथ–साथ श्री विजयपुरम, डिगलीपुर, मायाबंदर, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप के विभिन्न श्रेणी के अंतर्देशीय जहाजों के मालिकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हितधारकों को केंद्रीय डेटाबेस के उपयोग के लिए डेमो स्टेजिंग पोर्टल उपलब्ध कराया गया, ताकि वे केंद्रीय डेटाबेस पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया से परिचित हो सकें। इसके अलावा पत्तन प्रबंधन बोर्ड द्वीपों में सतत विकास और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अंतर्देशीय पोत संचालकों को सुविधा प्रदान करने के लिए सहायता सुनिश्चित करेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण ट्रैकर ऐप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस प्रभाग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर के राज्य समन्वयक पी महेश कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण सेवाओं की वास्तविक समय की निगरानी, लाभार्थी डेटा प्रबंधन और डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में दो सौ सात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण ट्रैकर ऐप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस प्रभाग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर के राज्य समन्वयक पी महेश कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण सेवाओं की वास्तविक समय की निगरानी, लाभार्थी डेटा प्रबंधन और डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए पोषण ट्रैकर ऐप का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में दो सौ सात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अपने राजस्व को बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आज स्कूल लाइन, पुराना पहाड़गांव और डॉलीगंज में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना है। विशेष कर संग्रह अभियान में नगरपालिका करों में अस्सी लाख बयासी हजार छः सौ तिरासी रुपये का संग्रह हुआ। बाईस मार्च को परिषद अट्टम पहाड़, गाराचरमा, भातुबस्ती और नया पहाड़गांव मे अभियान चलाएगा।

<><><><><><><>